फाइल सं. ए.12018/ 18/2019-लेप

भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(सीसीडी अनुभाग)

विषय -केंद्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुंसधान संस्थान (सीएलटीआरआई), चेंगलपट्टू, ऑर्थेटिक तकनीशियन समूह 'ग' के लिए भर्ती नियमों में संशोधन पर सार्वजनिक नोटिस के संबध में।

कार्मिक एंव प्रशिक्षण विभाग के दिंनाक 13.10.2015 के का.ज्ञा.सं एबी. 14017/61/2008-स्था.(आरआर) के अनुपालन में, केंद्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुंसधान संस्थान (सीएलटीआरआई), चेंगलपट्टू में ऑर्थेटिक तकनीशियन समूह 'ग' के पद के लिए भर्ती नियमों का मसौदा संलग्न है।

2. भर्ती नियमों के मसौदे पर कोई आपत्तियों/टिप्पणियां या सुझाव देने वाले इच्छुक हितधारक मसौदा भर्ती नियमों के प्रकाशन की तारिख से 30 दिनों की अवधि के भीतर लिखित रुप में अपनी आपत्तियां/टिप्पणियां या सुझाव, श्री बैद्यनाथ प्रसाद, अवर सचिव, स्वास्थय और परिवार कल्याण मंत्रालय, कमरा सं, 753-क, निर्माण भवन, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली-110011 या ई-मेल पर भेज सकते है। baidyanath.prasad@nic.in

(बैद्यनाथ प्रसाद)

अवर सचिव, भारत सरकार

दूरभाष 23061510

नई दिल्ली

दिनांक 12/2/19

भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 11, खंड 3, उप-खडं (1) में प्रकाशनार्थ

भारत सरकार

स्वास्थय और परिवार कल्याण मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली,.............2019

सा.का.नि................................ .राष्ट्रपति संवाधान के अनुच्छेद 309 के परतुंक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हूए और केन्द्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुंसधान संस्थान ,चेंगलपट्टु तमिलनाडू में ऑर्थोटिक तकनीशियन समूह 'ग' पद भर्ती नियम 1980 के अधिक्रमण से पहले किए गए या लोप किए गए संवर्ग को छोड़कर ,एतदद्वारा केन्द्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुंसधान संस्थान ,चेंगलपट्टु तमिलनाडू ऑर्थोटिक तकनीशियन के पद पर भर्ती कि पद्ति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम बनातें हैं ,नामत:

1. **लघु शीर्षक और प्रारभं- (1)** इन नियमों को केन्द्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुंसधान संस्थान, चेंगलपट्टु तमिलनाडू में ऑर्थोटिक तकनीशियन समूह 'ग' पद भर्ती नियम, 2019 कहा जाएगा।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारिख से प्रभावी होंगे।

2. **पदों कि संख्या, वर्गीकरण, वेतन मैट्रिक्स में स्तर या वेतनमान-** उक्त पद की संख्या, इसका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में यें स्तर या वेतनमान वहीं होंगे जो इन नियम के साथ संलग्न अनुसूची के स्तंभ (2) से (4) में विनिर्दिष्ट किए जांएगे।

3. **भर्ती कि पद्ति, आयु-सीमा, अर्हता, आदि**- भर्ती कि पद्ति, आयु-सीमा, अर्हता और अन्य मामले उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट किए जाएंगे।

4. **अनर्हता**-कोई व्यक्ति

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह के लिए अनुंबध किया है जिसका पहले से कोई जीवित पति/पत्नी है, या

(ख) जिसनें अपनें पति/पत्नी के जिवित रहते किसी व्यक्ति के साथ विवाह या विवाह के लिए अनुंबध किया है, उक्त पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा;

बशर्ते कि केंद्र सरकार संतुष्ट हो जाती है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू व्यक्तिगत कानून के अन्य आधार हैं, तो केंद्र सरकार इस नियम के प्रचालन से किसी व्यक्ति को छूट दे सकती है।

5. शिथिल करने का अधिकार-जहां केंद्र सरकार का यह मत है कि ऐसा करना आवश्यक या समयोचित है, तो वह आदेश द्वारा किसी भी वर्ग या श्रेणी के व्यक्तियों के संबध में इन नियमों के किसी उपबंध को शिथिल कर सकती हैं, जिसके करणों को लिखित में अभिलेखित किया जाएगा।

6. बचत इन नियमों में ऐसा कुछ नही होगा जिससे अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिकों या इस संबध में केंद्र सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार व्यक्तियों कि कोई अन्य विशेष श्रेणियों के लिए आरक्षण, आयु सीमा में छूट और अपेक्षित अन्य रियायतें प्रभावित हो।

# अनुसूची

| पद का नाम | पद संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में लेवल | चयन या अचयन पद | सीधें भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| ऑर्थोटिक तकनीशियन | एक पद * (2019)<br><br>*कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकती है। | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग' अराजपत्रित अननुसचिवीय | स्तर-4 (रु. (25500-81100) वेतन मट्रिक्स में | अचयन | 18 से 25 वर्ष की आयु के बीच (केंद्र सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार 40 वर्ष तक के सरकारी कर्मचारियों के लिए छूट दी जा सकती है)<br><br>(एससी / एसटी के लिए 5 साल तक और ओबीसी के लिए 3 साल तक)।<br>नोट 1: आयु सीमा निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तिथि प्रत्येक मामले में, भारत में उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप को छोड़कर)<br>नोट: रोजगार कार्यालय के माध्यम से की |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | गई भर्ती के मामले में, आयु सीमा निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तिथि अंतिम तिथि होगी, जिसके तहत रोजगार कार्यालय को नाम प्रस्तुत करने के लिए कहा जाएगा। |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधें भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी | परिवीक्षा कि अवधि यदि कोई हो | भर्ती कि पद्ति भर्ती सीधें होगी या पोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्तिय आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्तियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों कि प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स में डिग्री या समकक्ष ।<br>2. भारत के पुनर्वास परिषद में पंजीकृत होना चाहिए<br>3. कुष्ठ रोग में ऑर्थोटिक्स और / या प्रोस्थेटिक्स उपकरण बनाने का एक वर्ष का अनुभव<br>या<br>1. मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रोस्थेटिक्स एंड ऑर्थोटिक्स इंजीनियरिंग (दो वर्ष) में डिप्लोमा और छह महीने की इंटर्नशिप प्रशिक्षण।<br>2. भारत के पुनर्वास परिषद में पंजीकृत होना चाहिए।<br>3. ओर्थोटिक्स और / / प्रोस्थेटिक्स | लागू नही | 2 वर्ष | प्रतिनियुक्ति के द्वारा जिसके नाकाम होने पर सीधी भर्ती के द्वारा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| के क्षेत्र में दो साल का अनुभव<br><br>नोट: 1. अन्यथा अच्छी तरह से योग्य उम्मीदवारों के मामले में सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर योग्यता में छूट दी जा सकती है।<br><br>नोट-2 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के मामले में सक्षम अधिकारी के विवेक पर अनुभव की योग्यता में छूट दी जा सकती है , यदि चयन के किसी भी स्तर पर सक्षम प्राधिकारी की राय है कि अपेक्षित अनुभव रखने वाले इन समुदायों के उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए उपलब्ध होने की संभावना नहीं है। | | | |

| प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती कि दिशा में वे श्रेणियाँ जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना | भर्ती करनें में किन परिस्थियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| प्रतिनियुक्ति:<br>पे मैट्रिक्स में लेवल -4 (रु। 2,5500-81100) में दो साल के अनुभव के साथ नियमित आधार पर केंद्र सरकार के अस्पताल / संस्थान में अनुरूप पद पर हों एवं योग्यता में उल्लेखित स्तम्भ 7 में मौजूद योग्यता रखते हों और ऑर्थोटिक्स और / या प्रोस्थेटिक्स उपकरण बनाने में एक वर्ष का अनुभव।<br>या<br>पे मैट्रिक्स में लेवल -3 (रु. 21700-69100) में दो साल के | सीएलटीआरआई में ग्रुप 'सी' विभागीय पदोन्नति समिति (पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति के लिए)।<br>1. अपर निदेशक - अध्यक्ष<br>2. उप निदेशक (महामारी) - सदस्य<br>3. सहायक निदेशक (लैब) - सदस्य<br>4. प्रशासनिक अधिकारी - सदस्य | लागू नही |

| | | |
|---|---|---|
| अनुभव के साथ नियमित आधार पर केंद्र सरकार के अस्पताल / संस्थान में अनुरूप पद पर हों एवं योग्यता में उल्लेखित स्तम्भ 7 में मौजूद योग्यता रखते हों और ऑर्थोटिक्स और / या प्रोस्थैटिक्स उपकरण बनाने में पाँच वर्ष का अनुभव<br>नोट: प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी | | |